मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित


# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

वर्ष - 10 | अंक - 05 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 24 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ : 4 | कीमत : 3 /- रुपये




# अजीत पवार ने शिंदे सरकार पर लगाया बड़ा आरोप

## कहा-सरकारी किट की हो रही कालाबाजारी...!



**मुंबई :** दिवाली के मौके पर आम लोगों की सुविधा के लिए शिंदे-फडणवीस सरकार ने राशन कार्ड धारकों को मात्र 100 रुपए में 1 किलो सूजी, 1 किलो पाम तेल, 1 किलो चना दाल और 1 किलो शक्कर देने की घोषणा की है, लेकिन उनकी यह योजना अब विवादों में फंस गई है। नेता विपक्ष अजीत पवार ने बड़ा आरोप लगाया है कि सरकारी किट की कालाबाजारी की जा रही है। उन्होंने दावा किया है कि 100 रुपए की इस किट को 200 से 300 रुपए में बेचा जा रहा है। अजीत पवार ने कहा कि राज्य सरकार को इस पर करीब से ध्यान देने की जरूरत है। सरकार की प्लानिंग फेल अजीत पवार ने कहा है कि राज्य सरकार की 100 रुपए की दिवाली राशन योजना पूरी तरह से फेल रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना को सफल बनाने के लिए इसे ठीक से नियोजित करना होता है। अजीत पवार ने कहा कि शिंदे-फडणवीस सरकार ने आनन-फानन में इस योजना की घोषणा तो कर दी, लेकिन इसके लिए फंड की व्यवस्था और समय से डिलीवरी के लिए कारगर प्लान तैयार नहीं किया। इस वजह से लोगों को यह राशन किट लेने के लिए घंटों लाइन में इंतजार करना पड़ रहा है। अजीत पवार ने कहा कि अगर यह किट लोगों को दिवाली के बाद मिलता है तो फिर इसका क्या फायदा होगा? शिंदे, फडणवीस और राज की मुलाकात पर सवाल नहीं अजीत पवार ने कहा कि मनसे के दीपोत्सव कार्यक्रम में सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और राज ठाकरे के एक साथ आने पर सवाल खड़े नहीं किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि तीनों नेता दिवाली के मौके पर एकत्रित हुए थे। ऐसे में इसका विरोध करने का कोई कारण नहीं है।

# गोलीबारी में हिस्ट्रीशीटर की मौत...!




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में गोलीबारी की घटना में घायल एक स्थानीय हिस्ट्रीशीटर की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गणेश जाधव उर्फ कला गन्या को शुक्रवार सुबह गोली लगी थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ''शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े 10 बजे कुछ लोग जाधव को ठाणे शहर की एक पहाड़ी पर ले गए, जहां उन्होंने उससे पैसे की मांग की। जब उसने पैसे देने से मना किया, तो उस पर गोली चलाई गई। इस घटना में वह घायल हो गया था।'' उन्होंने बताया कि बाद में किसी ने इस बारे में पुलिस को सूचित किया। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन रात में उसकी मौत हो गई।



## कदम कदम पर

## कैलेण्डर 2023



## विज्ञापन दर

| | |
|---|---|
| विजिटिंग कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 2000/-<br>:12 माह 20000/- |
| डबल वि. कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 3000/-<br>: 12 माह 30000/- |

कैलेंडर हेतु विज्ञापन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2022

संपादक - छोटेलाल शर्मा

मो.:09819862172


प्रबंध संपादक - अनिल शर्मा


मो.:09833329721

नोट :चेक, डीडी. 'कदम कदम पर' के नाम से जारी करें.

Email : kadamkadampar1@gmail.com

**A/c Name :** Kadam Kadam Par
Branch : Kanjurmarg (East), Mumbai - 78.
Bank of Maharashtra Kanjur Marg (W)
A/c No. : 60342646436
IFC Code : MAHB0000397















## संपादकीय

# पटाखों में छिपे हुए जहर

दिवाली से पहले किए गए एक रासायनिक परीक्षण में पटाखों में शोर के स्तर और रसायनों की मौजूदगी का आकलन अलग-अलग किए गए थे। इस परीक्षण के बाद आर्सेनिक, बेरियम, क्लोरीन, सल्फर जैसे अत्यधिक जहरीले पदार्थों के मौजूद होने का पता चला है। इसका परीक्षण करनेवाली संस्था ने महाराष्ट्र पुलिस और सरकार को पत्र लिखा है। इसके साथ ही अस्थमा रोगियों को अपना विशेष खयाल रखने की अपील भी की है। ह्यआवाज फाउंडेशनह्व ने महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) के साथ मिलकर पटाखों के शोर के स्तर का परीक्षण किया था। इसकी जांच में वे सभी पटाखे १२० डेसिबल की अनुमेय सीमा के भीतर पाए जाने की जानकारी फाउंडेशन की संयोजक सुमैरा ए. ने दी। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा स्वतंत्र रूप से किए गए एक परीक्षण में पटाखों में आर्सेनिक, बेरियम, सल्फर और क्लोरिन जैसे जहरीले रसायनों के होने का खुलासा हुआ है। यह रिपोर्ट आने के बाद संगठन ने पुलिस और राज्य सरकार को पत्र लिखकर उनसे अपील की है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिबंधित रसायनवाले पटाखों का महाराष्ट्र में किसी भी तरह से उत्पादन, बिक्री या इस्तेमाल करने से रोका जाए। इसके लिए नागरिकों से भी अपील करने की बात कही गई है। मुंबई में कोविड के बाद सबसे ज्यादा तेजी से प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी हुई है। मुंबई में वर्ष २०१९ में प्रदूषण कण पीएम २.५ का वार्षिक स्तर ३० रहा था। कोविड के समय इसमें सुधार हुआ और यह स्तर २३ पर आ गया, लेकिन २०२१ में यह स्तर बढ़कर ३४ पर पहुंच गया यानी इसमें ४८ फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। इस वर्ष भी इसमें बढोत्तरी का अनुमान है। आइए जानते हैं कौन-सा पटाखा, कितना प्रदूषण फैलाता है?

# महिला ड्रग डीलर लेडी डॉन का गुलाम कश्मीर से मुंबई तक डंका



**मुंबई-** आधुनिक युग में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे-से-कंधा मिलाकर चल रही हैं। इसमें सिर्फ अच्छे काम ही नहीं, बल्कि गुनाह भी शामिल है। दरअसल, कश्मीर में आतंक और नशा तस्करी गठजोड़ (नारको टेररिज्म) में महिलाएं न केवल सक्रिय हो रही हैं, बल्कि पूरा गिरोह चला रही हैं। उत्तरी कश्मीर के सोपोर की एक लेडी डॉन गुलाम कश्मीर से लेकर मुंबई तक डंका बजाते हुए नशे का काला नेटवर्क चला रही है।


दरअसल, गुलाम कश्मीर और पाकिस्तान से करीब १० करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थों की तस्करी के दस्तावेज जांच एजेंसी के हाथ लगे हैं और अभी भी उसके नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है। नियंत्रण रेखा के उस पार से नशे की तस्करी कर कश्मीर की यह महिला कई राज्यों में इसकी आपूर्ति कर रही थी। इसकी कमाई से आतंक की फंडिंग हो रही थी।

सूत्रों के अनुसार प्रदेश जांच एजेंसी (एसआईए) को इस महिला ड्रग डीलर का पता लगाने में करीब एक माह तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी। आरोपी महिला की गिरफ्तारी की फिलहाल पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि एसआईए ने उसके ठिकाने की तलाशी के दौरान एक डायरी, लगभग दो लाख रुपए नकद, मोबाइल फोन और बैंक पासबुक जप्त की है। डायरी के पन्नों में इस गिरोह के कारनामों की कहानी छिपी हुई है और जांच एजेंसी उसके आधार पर पड़ताल को आगे बढ़ा रही है।






















# गंदे पानी को ट्रीटमेंट कर बोतल बंद पानी की तरह साफ बनाने की योजना

**मुंबई,** आगामी दिनों में नाले में बहनेवाला गंदा पानी बिसलेरी के बोतल के पानी की तरह शुद्ध और पीने योग्य दिखे तो चौंकिएगा मत। महानगर मुंबई में मनपा पहली बार नाले में बहनेवाले उस गंदे पानी को ट्रीटमेंट कर बोतल बंद पानी की तरह साफ बनाने की योजना पर काम कर रही है। मनपा ने इसके लिए कोलाबा के एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) प्लांट से निकलनेवाले पानी को ज्यादा शुद्ध बनाने के लिए टेंडर आमंत्रित किया है। यहां एसटीपी प्लांट से रोजाना २५ एमएलडी पानी का ट्रीटमेंट किया जाता है। इसमें से १२ एमएलडी पानी को शुद्ध करके मुंबईकरों को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं धारावी, वसोर्वा, घाटकोपर जैसे अन्य छह बड़े एसटीपी प्लांट के पानी को पीने योग्य बनाने के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति की जाएगी।

मनपा के अनुसार एसटीपी प्लांट के पानी को शुद्ध बनाने के लिए मनपा एडवांस टेक्नोलॉजी का उपयोग करेगी। मनपा ने यह एडवांस टेरिटरी ट्रीटमेंट प्लांट (एटीटीपी) लगाने का टेंडर आमंत्रित किया है। इस परियोजना को पूरा होने में ३ वर्ष का समय लग सकता है। मनपा इस पर लगभग २५० करोड़ रुपए खर्च करेगी। मनपा जल विभाग के मुख्य अधिकारी वसंत गायकवाड के अनुसार जल्द ही इसका टेंडर खुलेगा।


# जलजमाववाले क्षेत्रों से मुंबईकरों को मुक्ति दिलाने के लिए जोरदार युक्ति

**मुंबई.** मानसून के दौरान होनेवाले जलजमाव से मुंबई के लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं, सड़कों पर जलजमाव से प्रत्येक वर्ष कई लोग हादसे का शिकार तक हो जाते हैं। लिहाजा मनपा ने जलजमाववाले क्षेत्रों से मुंबईकरों को मुक्ति दिलाने के लिए जोरदार युक्ति खोज निकाली है। इसके तहत मनपा ने बारिश में जलजमाव के स्तर को नापने के लिए १०० पुराने स्थानों में सेंसर और ऑटोमेटिक रेन गेज लगाना शुरू कर दिया है, ताकि जलजमाव होते ही अलर्ट मिल जाए। उल्लेखनीय है कि मुंबई में जलजमाव की सीमा का आकलन करने के लिए वर्तमान में कोई व्यवस्था नहीं है।

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार मुंबई में ३८६ जलजमाव स्थल हैं, जिसमें से मनपा ने २८० स्थानों की समस्याओं का निराकरण कर दिया है। मनपा अधिकारियों के अनुसार शेष जलजमाववाले क्षेत्रों से निपटने के लिए काम किया जा रहा है।

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक
**जे.पी.शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
मो.:०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
मो.:०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**श्रीमती कंचन यादव**
**(फैजाबाद, यू.पी.)**
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा (उप संपादक)**
**आर्थिक सलाहकार**
**सतीशचंद्र गुप्ता**
**पंकज (बबलू) यादव**
प्रतिनिधि
**अवनीश कुमार मिश्र**
**(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)**
**सौरभ उमेशप्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
साज सज्जा :
**संतोष तिवारी**
(९७६८३६२०९१)
कानूनी सलाहकार
**एड. बी. एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
(मो.: ९४५२७९१५७०)
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं।
वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३
Email : kadamkadampar1@gmail.com
पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।



# भारतीय जनता पार्टी, मुंबई द्वारा दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन



**मुम्बई,** भारतीय जनता पार्टी, मुंबई द्वारा दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन अध्यक्ष श्री आशीष शेलार जी द्वारा रखा गया था. उल्लेखनीय उपस्थिति में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री भाजपा नेता आदरणीय श्री देवेंद्र फडणवीस जी, महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर बावनखुले जी, महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष श्री राहुल नार्वेकर जी, केबिनेट मंत्री श्री मंगलप्रभात लोढ़ा जी, सांसद श्री मनोज कोटक जी, मुंबई भाजपा महामंत्री आमदार श्री योगेश सागर जी, महामंत्री आमदार श्री सुनील राणे जी, महामंत्री श्री संजय उपाध्याय जी, श्रीमती चित्रा ताई वाघ, श्री विनोद शेलार मा.नगर सेवक सारथि फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री जनक संघवी जी कुलाबा भाजपा अध्यक्ष श्री हेमन्त मेहेर जी चिराग दोशी जी एवं अन्य गणमान्य नेता इस दीपावली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित होकर एक दूसरे का आभार प्रकट किया और तमाम देश वाशियो को हार्दिक बधाई भी इस अवसर जनक संघवी जी मंगल प्रभात लोढ़ा जी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया इस मिलन कार्यक्रम में आये सभी नेतागणों का स्वागत सत्कार मा. नगर सेवक श्री जनक संघवी जी ने सबका स्वागत किया और सभी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ लोगो का आशिर्वाद लिया

# मंडल अध्यक्ष के द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया





**सीखड़,** शनिवार 22 अक्टूबर को आत्मदास औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पचरांव में भाजपा मंडल अध्यक्ष सीखड़ प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा भाजपा के मंडल पदाधिकारियों,शक्ति केंद्र संयोजक/प्रभारी,बूथ अध्यक्षों, महिला मोर्चों के मंडल अध्यक्ष तथा वरिष्ठ कार्यकताओं से धनतेरस,शुभ दीपावली के अवसर पर परस्पर संवाद कर दिवाली की हार्दिक शुभकामना एवं बधाई दिया। साथ में मधुर उपहार के साथ दिवाली मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता मार्कंडेय सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शिव प्रसाद द्विवेदी, मंडल महामंत्री आनंद शर्मा, विजय भारद्वाज ,जिला कार्यसमिति के सदस्य विजय नारायण सिंह (उर्फ मुन्ना), किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनूप सिंह, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रीमा शर्मा ,सहित मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सी-लिंक के पास फरारी कार सड़क की रेलिंग से टकराई

**मुंबई,** बांद्रा-वर्ली सी-लिंक के पास हाईस्पीड में एक फरारी कार सड़क की साइड में लगी रेलिंग से टकरा गई। कार का एयरबैग खुलने से कार सवार सुरक्षित हैं। शुरूआत में इस कार को आकाश अंबानी का बताया गया लेकिन पुलिस ने इससे साफ इंकार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात को हाईस्पीड में फरारी कार वर्ली सी-लिंक से गुजर रही थी, तभी ड्राइवर का नियंत्रण छूट गया और वह रेलिंग से जा टकराई। इस दौरान एयरबैग खुल जाने से किसी को कोई नुकसान नही हुआ है लेकिन गाड़ी का काफी नुकसान पहुंचा है। इस मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि करीब ७ करोड़ रुपए की लग्जरी कार एक निजी कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड है। दुर्घटनाग्रस्त कार का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें इस कार के आगे भी कई फरारी कार तेज रफ्तार में दौड़ रही हैं।




# विधायक कपिल पाटील का अभिनंदन



**मुंबई-** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के निर्देश पर जनता दल (युनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन (लल्लन) सिंह द्वारा महाराष्ट्र के तेज तर्रार विधायक कपिल पाटील को जद यु का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए जाने पर मुंबई के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.बाबुलाल सिंह पटेल, डॉ.आर. एम.पाल, डॉ.सचिन सिंह ( अध्यक्ष युवा ब्रिगेड एसोसिएशन), चंद्रवीर बंशीधर यादव (महासचिव. अ भा यादव महासभा),शरीफ खान (अध्यक्ष समता हॉकर्स युनियन) ने उनके वर्ली स्थित कार्यालय पर शाल पुष्प गुच्छ एवम भेंट वस्तु प्रदान कर अभिनंदन किया एवम बधाई दी।
















# वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भंवर सिंह राजपुरोहित को जन्म दिवस पर शुभकामनायें



**मुंबई** - मुंबई कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भंवर सिंह राजपुरोहित के 77 वें जन्म दिवस पर उनके चर्चगेट स्थित कार्यालय पर आयोजित समारोह में अमीन पटेल (विधायक),डॉ.सचिन सिंह (अध्यक्ष युवा ब्रिगेड एसोसिएशन), लक्ष्मीनारायण चौरसिया (वरिष्ठ कांग्रेस नेता), समाज सेवक राकेश मिश्रा, मनोज सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने शाल एवम पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभ कामनायें प्रदान किया।

# बालाजी का 95 वाँ वार्षिक ब्रह्मोत्सव

**मुंबई** - मुंबई स्थित फणसवाड़ी में श्री बैंकटेश देवस्थान में उत्सव का आयोजन विभिन्न पर्वो पर किया जाता है। प्रतिवषार्नुसार भगवान श्री वेंकटे धर छोटा तिरुपति बालाजी मुंबई का 95 वाँ वार्षिक श्री ब्रह्मोत्सव दिनांकः 22 अक्टुबर 2022 से 2 नवम्बर- 2022 तक आयोजन किया गया। मुंबई फणसवाड़ी स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक श्री वैष्णव दिव्यदेश वेंकटेश देवस्थान में यह महोत्सव श्रीमद् जगद्गर गादी स्वामी श्री निवासाचार्यजी महाराज एवं श्रीमद् वालक स्वापी श्री अनंतचार्यजी के पावन सानिध्य में संपत्र होगा।

इस अवसर पर मुंबई राजस्थान, तमिलनाडु समेत विदेशों से भी भक्तजनों का यहाँ आगमन होता है।

# राजन शर्मा उप संपादक के कलम से मन की बात लिखकर दिया संदेश



**मुंबई,** शिक्षित, तेजतर्रार, कार्यकुशल, लोकप्रिय युवा चेहरा श्री अनिल शर्मा जी.! यह सच है कि आदमी किसी ना किसी व्यक्ति या उसके व्यक्तित्व से प्रभावित होता है। यही हुआ कल मेरे साथ एक सामाजिक कार्यक्रम के दौरान मैं अनिल जी के व्यक्तित्व से काफी प्रभावित हुआ। सरल एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी अनिल जी से हमें मित्रता करने में देर नहीं लगी संवाद का ऐसा सुर ऐसा बंधा मानो जैसे हम लंगोटिया यार हो। बातों ही बातों में अनिल जी ने मुझे कहा, कुछ हासिल करने के लिए एकता, संघर्ष, समर्पण और अपने केदार के प्रति ईमानदार सामाजिक जीवन बहुत जरूरी है इसी को नियति मानकर जीवन में इसी लाइन का अनुकरण कर रहा हूं। इसी कार्यक्रम के दौरान मैंने अनुभव किया कि अनिल जी बेहतर कार्य के लिए अवसर स्वयं तलाक लेते हैं और अपने विचारों को कार्य रूप में परिणित कर देते हैं।

हंसमुख, मिलनसार और सुंदर चेहरे के साथ सुंदर व्यक्तित्व प्रत्यक्ष मिलकर उनकी भावी एवं यशस्वी शख्सियत का अंदाजा लगाया जा सकता है यह कहना गलत ना होगा कि सामने से मिल रही अजेय चुनौती को अपने पक्ष में परिवर्तित करने की काबिलियत रखते हैं।इन्हीं कामनाओं के साथ आने वाले समय में अनिल जी मनपा, विधानसभा या लोकसभा में सर्व समाज जनता की नुमाइंदगी करें।नीचे की लाइन अनिल जी को समर्पितः 'किसी मकसद के लिए खड़े हों तो एक पेड़ की तरह...

और गिरो तो बीज की तरह...

ताकि फिर से उगकर उसी मकसद के लिए लड़ सको।

अनिल जी अभी से आप और आपके पूरे परिवार एवं शुभचिंतकों को दीपावली की हार्दिक बधाई।

# खुशवंत गुप्ता का अंडर 19 टी 20 क्रिकेट लीग में आलराउंडर के रुप में चयन



**मुंबई** - ए एस सी एल इंडिया टी 20 क्रिकेट लीग में अंडर 19 क्रिकेट टीम में मुलुंड प. के विठ्ठल नगर निवासी खुशवंत मुकेश गुप्ता का चयन आलराउंडर के रूप में किया गया है। खुशवंत दयानंद वैदिक विद्यालय, जूनियर कालेज में 11वीं आट्र्स के विद्यार्थी हैं।

अब इन्हे राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर, देहरादून पर ट्रेनिंग दी जाएगी और मैच खिलाया जायेगा।अच्छा प्रदर्शन कर सेलेक्ट होने पर इन खिलाडियों को डायरेक्ट आई पी एल में खेलने हेतु विभिन्न टीमें चयनित करती हैं। खुशवंत के चयन पर समाजसेवी डॉ.बाबुलाल सिंह, डॉ आर आर सिंह, आर.ए.सिंह(प्रधानाध्यापक),डॉ. सचिन सिंह, डॉ.आर.एम.पाल, बबिता गुप्ता (मां), खुशबु गुप्ता(बहन), चंद्रवीर यादव, विनय शर्मा 'दीप', राजकुमार यादव (शिक्षा विद),अपर्णारॉय, मोहनलाल राज, योगेन्द्र श्रीवास्तव, जयबाला सिंह, सुनीता श्रीवास्तव, फाल्गुनी धुळे मनोज सिंह ने बधाई एवम शुभ कामनायें प्रदान किया है और उज्ज्वल भविष्य हेतु आशीष प्रदान किया है।

# धनतेरस पर बोलीं मायावती-इस जन्मदिन कीमती तोहफे नहीं,

## पार्टी के लिए सीधे दें पैसे ...



बसपा सुप्रीमो मायावती ने यह साफ कर दिया है कि उनकी पार्टी निकाय चुनाव पूरी मुस्तैदी के साथ लड़ेगी। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी को उनका जन्मदिन देशव्यापी स्तर पर और यूपी में खासकर काफी विस्तृत तौर पर 'जनकल्याणकारी दिवस' को मिशनरी भावना से मनाया जाता है। इस मौके पर गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करें। इस अवसर पर उन्हें कीमती उपहार, तोहफे आदि न दिए जाएं। पार्टी और मूवमेंट के हित में हमेशा की तरह सीधे तौर पर आर्थिक सहयोग देना बेहतर होगा ताकि इससे चुनावों में खर्चों आदि की भरपाई की जा सके।

इसके लिए संगठन का पुनर्गठन करते हुए इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा है कि भाजपा को सत्ता सौंपने वाले ही आज उससे दुखी हैं। इसीलिए संघ महंगाई व बेरोजगारी से ध्यान बांटने के लिए जनसंख्या व धर्मांतरण का राग अलाप रही है। सदस्यता अभियान रोका बसपा सुप्रीमो शनिवार को पार्टी कार्यालय में एकदिवसीय सम्मेलन में यह बातें कहीं। उन्होंने 30 जून से जारी सदस्यता अभियान के बारे में जानकारी लेने के बाद निकाय चुनाव के मद्देनजर इसे स्थगित रखने का निर्देश दिया।

**इमरान और भीम राजभर को दी अहम जिम्मेदारी**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने हाल ही में सपा छोड़कर आने वाले इमरान मसूद को अहम जिम्मेदारियां दी हैं। इमरान मसूद को सहारनपुर, अलीगढ़, मेरठ और आगरा की जिम्मेदारी दी गई है। भीम राजभर वाराणसी व आजमगढ़ समेत पूर्वांचल के अन्य मंडलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# मरीज को रेफर कर इलाज से पल्ला झाड़ने वाले अस्पतालों की खैर नहीं, बताना होगा पर्याप्त कारण

मरीजों का इलाज किए बिना उन्हें बेवजह रेफर करना तमाम सरकारी अस्पतालों की प्रवृत्ति बन गई है। तमाम अस्पताल केवल रेफरल इकाई बनकर रह गए हैं। नतीजा यह है कि राजधानी के एसजीपीआई, केजीएमयू, लोहिया जैसे मल्टी स्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थानों में मरीजों की बेतहाशा भीड़ बढ़ गई हैं। इन अस्पतालों में गंभीर मरीजों की पहले ही इतनी भीड़ है कि और मरीजों के लिए जगह ही नहीं है। मगर अब उन्हें ऐसा करना महंगा पड़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेवजह रेफर किए जाने की इस प्रवृत्ति पर कड़ी नाराजगी जताई है।

लोगों को अपने नजदीक ही इलाज की सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए सरकार प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही स्वास्थ्य उपकेंद्रों की संख्या लगातार बढ़ा रही है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं।




मगर सरकारी अस्पतालों में मरीजों से पल्ला झाड़ने की प्रवृत्ति लगातार बढ़ती जा रही है। यह स्थिति सिर्फ पीएचसी और सीएचसी या जिला स्तरीय अस्पतालों तक ही सीमित नहीं हैं। यह हालात मेडिकल कॉलेजों में भी हैं। बिना पर्याप्त कारण के जरा सा गंभीर होने पर मरीज को तुरंत उच्च चिकित्सा संस्थान को रेफर कर दिया जाता है। यदि मरीज को वहीं इलाज उपलब्ध हो जाए तो न सिर्फ लोगों को सुविधा रहेगी बल्कि वह तमाम जानें भी बचाई जा सकेंगी जो इधर से उधर रेफर होने के दौरान ही दम तोड़ देते हैं।


## सीएम की नाराजगी के बाद सख्ती!

**सीएम योगी आदित्यनाथ की नाराजगी के बाद अब स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग इसे लेकर सक्रिय हो गये है। अब ऐसे अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की खैर नहीं। उन पर नजर रखी जाएगी। प्राचार्यों की जिम्मेदारी तय की जा रही है। हर मरीज को रेफर करने का पर्याप्त कारण बताना होगा। रेफर करते वक्त वह कारण भी लिखना होगा। ज्यादा रेफर करने वाले अस्पताल चिन्हित किए जाएंगे। उनके खिलाफ कार्यवाही करने की तैयारी है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों संग बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को रेफर करने की प्रवृत्ति हर हाल में रोकें। लामा केसों (लेफ्ट अगेंस्ट मेडिकल एडवाइस) पर पूरी तरह रोक लगाई जाए।**

# धोखाधड़ी के मामले में व्यक्ति गिरफ्तार, जाली दस्तावेज जब्त...!



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में पुणे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि डिंडोशी पुलिस ने शनिवार को उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से जाली आधार कार्ड और पैन कार्ड तथा अन्य जाली दस्तावेज बरामद किए। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-420 (धोखाधड़ी), 177 (जानबूझकर झूठी जानकारी देना), 192 (झूठे सबूत गढ़ना) के अलावा अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया गया था, जहां से उसे चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।



**धन त्रयोदशी के शुभ दिन मेरे घर आदरणीय महंत रामचन्द्र बाबा बीडकर, डॉ रत्नप्रभा ताई बीड़कर, आंटी करप्शन ब्यूरो के औरंगाबाद विभागीय अध्यक्ष श्री संजय जी तीखे पाटील आदी मान्यवरों ने सदिच्छा भेट दी यह मेरा भाग्य हैं।।**



**डॉ बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विद्यापीठ चे deen डॉ प्रा चेतना सोनकांबळे यांचे समवेत सम्राट अशोक बौध्द विहार खंडाळा येथे प्रतिष्ठान अध्यक्ष सुधाकर बागुल, महाराष्ट्र प्रदेश नारायणी सेना संघटना अध्यक्ष अशोक पवार khandalkar आदी मान्यवर**

# अखिल भारतीय सबिता महासंघ का 23वा दसहरा स्नेह सम्मेलन बड़े धूम धाम से सम्पन्न हुआ

**मुंबई -** अखिल भारतीय सबिता महासंघ के तरफ मुंबई के मुलुंड में २२/१०/२०२२ दिन शनिवार को सारस्वत वाड़ी झवेर रोड मुलुंड पश्चिम हाल में २३वा दशहरा मिलन सम्मलेन भव्य तरीके से मनाया गया। दोपहर २ बजे कार्यक्रम मेडिकल चेकअप से शुरू सुरु किया गया जिसमें सबसे पहले समाज सेहत और सफाई पे ध्यान देना समाज कि पहली प्राथमिकता है जिसमें कार्यकर्ता से लेकर समाज के सारे स्वजाति भाईयो बहनों ने मेडिकल में चेक अप के साथ आंख का चेकअप के कराया






गया। मेडिकल चेअप में हाइट वेट बॉडी फैट मसले मास, बोन, मास, डीसीआई, बीएम आई, ब्लड प्रेशर, हार्ट रेट, मेटाबोलिक ऐज, रेंडम ब्लड सुगर की जांच की गया। शाम ४ बजे कार्यक्रम की शुरूआत जिसमें राकेश जी की संगीत टीम ने समा बाधा और हाल में सभी को गाना भाव विभोर कर दिए।

संस्था की तरफ से आए मेहमानों का गुलगस्ता साल देकर सम्मानित किया गया और साथ अपने सदस्य को भी सम्मनित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंजना लक्ष्मी कांत शर्मा का स्वागत संस्था के अध्यक्ष श्री जेपी शर्मा जी के द्वारा किया गया संस्था उत्तर प्रदेश अध्यक्ष श्री नन्दलाल शर्मा का भी सम्मान किया गया गोरखपुर से आए उमाशंकर शर्मा पुणे से आए ओमप्रकाश शर्मा, संस्था के कोषाध्यक्ष राकेश सेमुआ, महामंत्री अशोक शर्मा महासचिव, हरिशंकर शर्मा बिल्डर, श्री आर के शर्मा बिल्डर, विनय शर्मा शर्मा दीप, जितेंदे शर्मा, अशोक उमा शंकर शर्मा, कपूर चंद परिहार सत्यपाल श्रीवास्तव, केशव लाल शर्मा, कलेक्टर शर्मा, सुरेंद्र पी शर्मा, रविंद्र पी शर्मा, सुनील श्रीवास्तव, राजन शर्मा, छोटेलाल शर्मा संपादक पर इन सभी का संस्था की तरफ से स्वागत किया गया।समाज कैसे आगे जाए और कैसे उत्थान हो इस पे अनेक वक्ताओ ने प्रकाश डाला।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री जेपी शर्मा,महामंत्री अशोक शर्मा, अनंत लाल जी, उप कोषाध्यक्ष नवनीश शर्मा, अनिल शर्मा, ओम प्रकाश सविता, जोगेंद्र सेमुआ, वीपी शर्मा, शिव प्रसाद शर्मा, प्रहलाद शर्मा, अशोक बाबू शर्मा, सुशील आर शर्मा, जयनाथ शर्मा, जगदीश शर्मा, राहुल शर्मा मातादीन सेन, आत्मा प्रसाद, राकेश शर्मा, ओम प्रकाश बी शर्मा , संजय शर्मा, सचिन शर्मा, राजू शर्मा, सतीश शर्मा, दीप नारायण शर्मा, जोगेंद्र शर्मा सुधाकर शर्मा , कपूर शर्मा।

अखिल भरतीय सविता महासंघ के समस्त सदस्य एवम पदाधिकारी के तरफ से आए समस्त स्वजाति भाईयो बहनों भव्य स्वागत किया गया, दीप्ति बाबू केटर्स समस्त सदस्य, कार्यक्रम संचालन सदस्य नवनीश, अनिल शर्मा, अनन्त लाल, अशोक शर्मा, किया संगीत गायन राकेश की टीम मेडिकल चेअप की टीम का भी भव्य स्वागत किया गया आभार जेपी शर्मा जी अध्यक्ष

अखिल भारतीय सबिता महासंघ मुंबई ने किया

# राजन शर्मा को उप संपादक नियुक्त किया गया

**मुंबई,** राजन शर्मा के कार्यकुशलता को देखकर कदम कदम पेपर का उप संपादक सर्व सहमति से संरक्षक जे पी शर्मा, संपादक छोटेलाल शर्मा, प्रबंध संपादक अनिल शर्मा ने राजन शर्मा को मुलुंड में नियुक्ति पत्र देकर नियुक्त किया गया आशा ही नही पूर्ण विश्वास है राजन जी को आने से पेपर की लेखिनी पर काफी प्रभाव पड़ेगा। राजन को नियुक्त पत्र मिलने पर सभी लोगो ने खुशी जाहिर की। और शुभकामनाएं भी सभी लोगो ने दी।




# राजन शर्मा उप संपादक के कलम से मन की बात लिखकर दिया संदेश

**मुंबई,** शिक्षित, तेजतर्रार, कार्यकुशल, लोकप्रिय युवा चेहरा श्री अनिल शर्मा जी.! यह सच है कि आदमी किसी ना किसी व्यक्ति या उसके व्यक्तित्व से प्रभावित होता है। यही हुआ कल मेरे साथ एक सामाजिक कार्यक्रम के दौरान मैं अनिल जी के व्यक्तित्व से काफी प्रभावित हुआ। सरल एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी अनिल जी से हमें मित्रता करने में देर नहीं लगी संवाद का ऐसा सुर ऐसा बंधा मानो जैसे हम लंगोटिया यार हो। बातों ही बातों में अनिल जी ने मुझे कहा, कुछ हासिल करने के लिए एकता, संघर्ष, समर्पण और अपने केदार के प्रति ईमानदार सामाजिक जीवन बहुत जरूरी है इसी को नियति मानकर जीवन में इसी लाइन का अनुकरण कर रहा हूं। इसी कार्यक्रम के दौरान मैंने अनुभव किया कि अनिल जी बेहतर कार्य के लिए अवसर स्वयं तलाक लेते हैं और अपने विचारों को कार्य रूप में परिणित कर देते हैं।

हंसमुख, मिलनसार और सुंदर चेहरे के साथ सुंदर व्यक्तित्व प्रत्यक्ष मिलकर उनकी भावी एवं यशस्वी शख्सियत का अंदाजा लगाया जा सकता है यह कहना गलत ना होगा कि सामने से मिल रही अजेय चुनौती को अपने पक्ष में परिवर्तित करने की काबिलियत रखते हैं।इन्हीं कामनाओं के साथ आने वाले समय में अनिल जी मनपा, विधानसभा या लोकसभा में सर्व समाज जनता की नुमाइंदगी करें।नीचे की लाइन अनिल जी को समर्पितः



ह्किसी मकसद के लिए खड़े हों तो एक पेड़ की तरह...
और गिरो तो बीज की तरह...
ताकि फिर से उगकर उसी मकसद के लिए लड़ सको।

अनिल जी अभी से आप और आपके पूरे परिवार एवं शुभचिंतकों को दीपावली की हार्दिक बधाई ।

# महाराष्ट्र में 7 नवंबर से भारत जोड़ों यात्रा !

## 382 किमी चलेंगे राहुल गांधी, शरद पवार और उद्धव ठाकरे होंगे शामिल...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में राहुल गांधी की 'भारत जोड़ी यात्रा' की योजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। राज्य में 7 नवंबर से 'भारत जोड़ी यात्रा' का आगाज होगा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 14 दिनों में कुल 382 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। यह पांच जिलों से होकर गुजरेगी. इस दौरान राहुल गांधी दो विशाल जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया है कि 'भारत जोड़ी यात्रा' के दौरान एनसीपी प्रमुख शरद पवार और शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे जैसे अन्य दलों के बड़े नेता भी राहुल गांधी के साथ नजर आएंगे।



कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, शरद पवार 9 नवंबर को नांदेड़ में यात्रा में शामिल होंगे। उद्धव ठाकरे भी यात्रा में शामिल होने के लिए राजी हो गए हैं, लेकिन उनका कार्यक्रम अभी तय नहीं हुआ है। हालांकि, एनसीपी और शिवसेना (ठाकरे गुट) की ओर से अभी तक उनके शीर्ष नेताओं के यात्रा में शामिल होने की पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन हाल ही में शरद पवार ने इसके संकेत दिए है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में शरद पवार और उद्धव ठाकरे से मुलाकात कर उन्हें मार्च में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था।

राहुल राज्य में दो रैलियां करेंगे, पहली नांदेड़ शहर में होगी जहां से वह महाराष्ट्र में प्रवेश कर रहे हैं और दूसरी राज्य छोड़ने से पहले बुलढाणा के शेगांव में होगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि नांदेड़ रैली 9 नवंबर को होगी जिसमें पवार के भी शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया ''दोनों रैलियों को एक बड़ा इवेंट बनाने की योजना बनाई जा रही हैं। नांदेड़ शहर की रैली के लिए हम लगभग एक लाख लोगों की भीड़ इकट्ठा करेंगे। जबकि शेगांव रैली इससे कहीं अधिक बड़ी होगी और उस रैली का लक्ष्य लगभग 5 लाख लोगों का होगा।''

# बीजेपी के पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने किया दावा...

## अनिल परब के रिसॉर्ट का टूटना तय...

**मुंबई :** बीजेपी के पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने दावा किया है कि दापोली में पूर्व मंत्री और ठाकरे गुट के कद्दावर नेता अनिल परब के रिसॉर्ट का टूटना तय है। उन्होंने कहा है कि इस रिसॉर्ट को तोड़ने के लिए चिपलून के निर्माण विभाग ने स्थानीय समाचार पत्र में टेंडर का विज्ञापन दिया है। इस विज्ञापन में रिसॉर्ट को गिराने की अवधि 3 महीने रखी गई है, इसलिए संभावना है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अनिल परब के रिसॉर्ट को जल्द ही ध्वस्त कर दिया जाएगा। टेंडर में भवन की दीवार गिराने, अहाते की दीवार, फुटपाथ, एनएक्स निर्माण का जिक्र किया गया है। इस कार्य के लिए 43 लाख 29 हजार 8 रुपए निर्धारित किए गए हैं। पर्यावरण नियमों का उल्लंघन किरीट सोमैया का आरोप है कि अनिल परब ने पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करते हुए इस रिसॉर्ट का निर्माण किया था। इस रिसॉर्ट को गिराने के लिए सोमैया ने पिछले कई महीनों से मुहिम छेड़ रखी है। ईडी ने की थी परब से पूछताछ इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले में अनिल परब से पूछताछ की थी।





# पुर्व मंत्री नसीम खान के जन्म दिवस पर बधाई

**मुंबई-** महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्याध्यक्ष, पुर्व मंत्री मो.आरिफ (नसीम) खान के जन्म दिवस पर उनके जरीमरी,कुर्ला स्थित कार्यालय पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.बाबुलाल सिंह, भरत सिंह (प्रवक्ता महाराष्ट्र कांग्रेस), डॉ.सचिन सिंह, डॉ.आर.एम.पाल (महासचिव महाराष्ट्र कांग्रेस उत्तर भारतीय सेल),शरीफ खान (अध्यक्ष समता हॉकर्स युनियन) ने शाल एवम पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई एवम शुभ कामनायें प्रदान किया।

# 100 करोड़ की वसूली का केस...!

## मुंबई की स्पेशल कोर्ट ने अनिल देखमुख को जमानत देने से किया इनकार

**मुंबई :** मुंबई की एक विशेष अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच किये गए भ्रष्टाचार के एक मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले वित्तीय अपराध पर गंभीरता से गौर किया जाना चाहिए. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता देखमुख को दो नवंबर, 2021 को गिरफ्तार किया गया था और वह न्यायिक हिरासत में हैं. उन्हें फिलहाल 'कोरोनरी एंजियोग्राफी' के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सीबीआई की विशेष अदालत ने शुक्रवार को देशमुख की जमानत याचिका खारिज कर दी और इसकी प्रति शनिवार को उपलब्ध करायी गयी. अदालत ने कहा कि जांच ने बार मालिकों से धन एकत्र करने और देशमुख को (एक पूर्व सहयोगी) कुंदन शिंदे के माध्यम से पहुंचाने के तथ्य को स्थापित किया था. वह भी इस मामले में एक आरोपी है.



अदालत ने अपने आदेश में कहा, मौजूदा मामले में, अब तक यह स्पष्ट है कि राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली एक बड़ी राशि शामिल है. राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले इस तरह के वित्तीय अपराध पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए. इसमें कहा गया है कि अगर देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने वाले आर्थिक अपराधियों पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो पूरा समुदाय व्यथित होता है. आदेश में कहा गया है, क्रोध में एक हत्या की जा सकती है. एक आर्थिक अपराध सोच समझकर और जानबूझकर किया जाता है, जिसमें नजर व्यक्ति के लाभ पर होती है, चाहे समुदाय पर उसका कोई भी प्रभाव हो. विशेष सीबीआई अदालत के न्यायाधीश एस एच ग्वालानी ने कहा कि भ्रष्टाचार के अपराध में देशमुख की सक्रिय संलिप्तता थी और अनुचित लाभ के लिए सार्वजनिक पद के अनुचित इस्तेमाल का प्रयास किया गया था. आदेश में कहा गया है, अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, जिस तरह से अपराध किया गया है, आरोपी द्वारा अभियोजन पक्ष के गवाहों को प्रभावित किये जाने की आशंका के मद्देनजर, मेरा विचार है कि इस तरह के गंभीर अपराध को रोकने के लिए अर्जीकर्ता (देशमुख) को जमानत पर रिहा करना उचित नहीं है. पीठ ने कहा कि देशमुख के पुलिस तबादलों और तैनाती पर प्रभाव डालने के संबंध में जांच अभी भी जारी है. अदालत ने कहा, इसलिए, इस स्तर पर यह नहीं कहा जा सकता है कि आरोपी नंबर एक (देशमुख) के खिलाफ कोई प्रथम दृष्टया मामला नहीं बनता है. मेरी राय में अर्जीकर्ता जमानत पर रिहा होने का हकदार नहीं है. पीठ ने कहा कि गवाहों के बयानों, विशेष रूप से बर्खास्त पुलिसकर्मी सचिन वाजे के बयानों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है और इसकी एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है. अदालत ने कहा कि जमानत प्रदान करने के स्तर पर, सबूतों और मामले के गुणदोष की विस्तृत पड़ताल करने की जरूरत नहीं है और केवल यह बताने की जरूरत है कि ऐसे मामलों में जमानत क्यों नहीं दी जा सकती जिसमें आरोपी पर गंभीर अपराध का आरोप है. मामले में सरकारी गवाह वाजे के बयान का हवाला देते हुए अदालत ने कहा कि उसने देशमुख को हमेशा नंबर एक के तौर पर संदर्भित किया.

अदालत ने कहा, देशमुख ने वाजे को ऐसे बार से प्रति माह 40 से 50 करोड़ रुपए की राशि एकत्र करने का निर्देश दिया था. बार मालिकों से धन की मांग और संग्रह का तथ्य अच्छी तरह से पुष्ट और स्थापित है. अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह भी स्थापित होता है कि बार मालिकों को उनके व्यवसाय का नुकसान का भय दिखाया गया था. मार्च 2021 में, वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी परमबीर सिंह ने आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र के तत्कालीन गृहमंत्री देशमुख ने पुलिस अधिकारियों को मुंबई में रेस्तरां और बार से प्रति माह 100 करोड़ रुपए इकट्ठा करने का लक्ष्य दिया था. मार्च 2021 में उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास 'एंटीलिया' के बाहर एक वाहन में विस्फोटक सामग्री मिलने के मामले में गिरफ्तार वाजे ने भी उनके खिलाफ इसी तरह के आरोप लगाए थे.

# 14 करोड़ खर्च कर दहिसर में नई सीवर लाइन

## स्थानीय नागरिकों को मिलेगी राहत!



**मुंबई :** मुंबई महानगर पालिका दहिसर में 14 करोड़ की लागत से दो नई सीवर लाइन डालने का निर्णय लिया है. यह सीवर लाइन एस एन दूबे मार्ग और रावल पाडा में डाली जाएगी. बीएमसी ने दो स्थानों पर सीवर लाइन डालने का प्रस्ताव मंजूरी के लिए बीएमसी आयुक्त के पास भेजा गया है. प्रस्ताव मंजूर होने के बाद काम शुरू किया जाएगा. इससे दहिसर के नागरिकों को लाभ मिलने वाला है.

बीएमसी अधिकारी के अनुसार एस एन दुबे मार्ग पर 630 मिमी और रावलपाडा में 305 मिमी का सीवर लाइन डाला जाएगा. 630 मिमी सीवर लाइन ओडी पद्धति और एचडीपीआई पद्धति से डाल रही है जबकि 350 मिमी की लाइन आरसीएनपी, एचडीडी पद्धति से बिछाई जाएगी. इसके लिए वहां पर टैंक भी बनाए जाएंगे. रावलपाडा, राधाकृष्ण मंदिर रोड, संत नामदेव रोड, जय भवानी रोड, संतकबीर नगर रोड पर यह सीवर लाइन डाली जाएगी. दोनों सीवर लाइन डालने के लिए बीएमसी 14 करोड़, 89 लाख, 51 हजार 249 रुपए खर्च करेगी. यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए बीएसमी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल के पास भेजा गया है. मंजूरी मिलने के बाद काम शुरू किया जाएगा.























































यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com